THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

DATE-14/7/2022 GRADE- 9 AB	MT-1[2022 -23] HINDI [2ND Language]	Max marks- 20 Time – 1 Hrs

सामान्य निर्देश :

1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |
2. प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |

प्रश्न		अंक
I	नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए	
	मानव जाति अपने उद्भवकाल से ही प्रकृति की गोद में और उसी से अपने भरण-पोषण की सामग्री प्राप्त की। सभी प्रकार के वन्य या प्राकृतिक उपादान ही उसके जीवन और जीविका के एकमात्र साधन थे। प्रकृति ने ही मानव जीवन को संरक्षण प्रदान किया। रामचंद्र, सीता व लक्ष्मण सभी ने पंचवटी नामक स्थान पर कुटिया बनाकर वनवास का लंबा समय व्यतीत किया था।वृक्षों की लकड़ी से मानव अनेक प्रकार के लाभ उठाता है। उसने लकड़ी को ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया। इससे मकान व झोंपड़ियाँ बनाईं। इमारती लकड़ी से भवन-निर्माण, कृषि यंत्र, परिवहन, जैसे-रथ, ट्रक तथा रेलों के डिब्बे तथा फर्नीचर आदि बनाए जाते हैं। कोयला भी लकड़ी का प्रतिरूप है। वृक्षों की लकड़ी तथा उसके उत्पाद; जैसे-नारियल का जूट, लकड़ी का बुरादा, चीड़ की लकड़ी आदि का प्रयोग फल, काँच के बरतन आदि नाजुक पदार्थों की पैकिंग में किया जाता है।	

1.	**उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।**	**1**
2.	**आदिमानव के लिए वन किस तरह लाभदायी रहे हैं?**	**1**
3.	**वर्तमान में मनुष्य वृक्षों से किस तरह लाभ उठा रहा है?**	**1**
4.	**लकड़ी के अलावा वृक्षों के उत्पाद क्या हैं? मनुष्य इनका उपयोग किन कार्यों में कर रहा है?**	**1**
5.	**लकड़ी और कोयले में क्या संबंध है?**	**1**
II.	**निर्देशानुसार उत्तर लिखिए**	
1.	शे + अन = शयन **[कौन- सा संधि है]** a) गुण संधि b) यण संधि c) अयादि संधि d) वृद्धि संधि	**1**
2.	आपको को घर का काम करने पड़ेगा [कौन – सा वाक्य है] a) आज्ञा वाचक वाक्य b) प्रश्न वाचक वाक्य c) निषेध वाचक वाक्य d) विस्मय वाचक वाक्य	**1**
3.	कोई चारा न होना **[मुहावरे का सही अर्थ चुनिए]** a) सारे रास्ता खोलना b) कोई हाल न मिलना c) मूर्ख होना d) खुश हो जाना	**1**
4.	लेखक ने बुढ़िया के दुख का अंदाज़ा लगाने केलिए किसे उदाहरण के रूप में ले लिया था ? **a)** भगवाना को **b)** संभ्रात महिला को **c)** दुकानदार को **d)** अन्य बुढ़िया को	**1**
III.	**नीचे दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**	

	यह महान दृश्य है, चल रहा मनुष्य है, अश्रु श्वेत रक्त से, लथपथ लथपथ लथपथ, अग्निपथ अग्निपथ अग्निपथ।	
1.	कवि के अनुसार महान दृश्य क्या है ?	**1**
2.	“अग्निपथ” कविता किसके द्वारा लिखी गई है ?	**1**
IV	1.“एक पत्र चाह भी माँग मत ,माँग मत ,माँग मत ” पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिये । 2.लड़के को बचाने के लिए बुढ़िया माँ ने क्या-क्या उपाय किए ?	2 2
V	**निम्नलिखित में से किसी 1 विषय पर दिए गए संकेत -बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 -100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए** **प्रदूषण पर निबंध** * आवश्यकता * बढ़ते कदम * समाज पर प्रभाव **राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों का महत्व** • भूमिका • विद्यार्थी का कर्तव्य • अनुशासन	**3**

VI	चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य का कल्पनाशक्ति से वर्णन कीजिये। 	2